फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री रमेशचन्द्र पुत्र श्री गोर्वधनजी हरिजन वार्ड नं. 6 शास्त्रीनगर, हरिजन बस्ती, देवगढ जिला राजसमंद
– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, देवगढ – प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 91/2022**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 26.12.2022 पत्रावली पेश हुई । अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, देवगढ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ द्वारा जरिये पत्रांक सूकाअ/2022/197 दिनांक 22.12.2022 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कराने पर अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, देवगढ द्वारा पत्रांकः सू.अ./2022/189 दिनांक 29.11.2022 से अपीलार्थी को उपलब्ध करवादी गई है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ की रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, देवगढ द्वारा तैयार की जाकर अपीलार्थी को उपलब्ध करवादी जाने से उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, देवगढ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	कार्यालय जिला कलक्टर